Daily Current Affairs 14 April 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे।

1. हर्षवर्धन शृंगला होंगे G20 शिखर सम्मेलन 2023 के मुख्य समन्वयक
• अप्रैल 2022 में भारत द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए विदेश सचिव हर्षवर्धन शृंगला को मुख्य समन्वयक नियुक्त किया गया है उनकी नियुक्ति 1 मई 2022 से प्रभावी होगी और वह दिसंबर 2023 तक इस पद पर रहेंगे।

2. मुंबई और हैदराबाद को 2021 ट्री सिटी ऑफ द वर्ल्ड के रूप में मान्यता मिली
• अप्रैल 2022 में आर्बर डे फाउंडेशन और संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन द्वारा हैदराबाद और मुंबई शहर को 2021 ट्री सिटी ऑफ द वर्ल्ड (Tree City Of The World) के रूप में मान्यता दी गई है।

3. ऑस्ट्रेलिया में किया जाएगा 2026 राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन
•दुनिया की सबसे खेल प्रतियोगिताओं एक कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन इस साल इंग्लैंड बमिधम में होना है। हाल ही में वर्ष 2020 में इस टूर्नामेंट की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य को दी गई है।

4. 13 अप्रैल को मनाया गया 38वॉ सियाचिन दिवस
• 13 अप्रैल 2022 को भारतीय सेना ने सियाचिन के वीर शहीदों को याद करते हुए 38वॉ सियाचिन दिवस मनाया है। सियाचिन दिवस पर भारतीय सेना के सैनिकों द्वारा दुनिया में सबसे ऊंचा और सबसे ठंडी युद्ध क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए उनके अदम्य साहस को याद किया जाता है।

5. असम में मेगालिथिक पत्थर के 65 जार खोजे गए
• हाल ही में पुरातत्वविदों में असम राज्य में 65 बड़े बुलवा पत्र के कलशों की पहचान की है, जिनके बारे में माना जा रहा है कि इनका इस्तेमाल असम के हसाओ जिले में चार स्थलों पर अनुष्ठान के लिए किया जाता है।

6. एस. इकबाल सिंह लालपुरा ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग(National Commission Of Minorities) के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला
• 12 अप्रैल 2022 को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार एस. इकबाल सिंह लालपुरा ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग(NCM) के अध्यक्ष के रूप में फिर से नामित किए जाने के बाद 13 अप्रैल 2022 को नई दिल्ली में एनसीआर के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

7. नई दिल्ली में आयोजित अमृत समागम सम्मेलन में उत्सव पोर्टल को किया गया लॉन्च

Daily Current Affairs 14 April 2022

• 12 से 13 अप्रैल 2022 तक नई दिल्ली में अमृत समागम सम्मेलन का आयोजन किया गया है। केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने इस सम्मेलन के दौरान उत्सव पोर्टल का भी शुभारंभ किया है। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत संस्कृति मंत्रालय दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी कर रहा था।

8. हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा चाय को यूरोपीय आयोग से मिलेगा जीआई टैग
• गुणवत्ता में लगातार सुधार के परिणाम स्वरूप कांगड़ा चाय को यूरोपीय संघ का भौगोलिक संकेतक मिलने की संभावना है। अप्रैल 1999 में चाय की खेती और विकास का विषय उद्योग से कृषि विभाग को स्थानांतरित किया गया था।
• इसके बाद कांगड़ा चाय की खेती में सुधार लाने के लिए कई कदम उठाए गए। कृषि विभाग के प्रयास से वर्ष 2005 में कांगड़ा चाय को भारत मैं जीआई टैग मिला था।

9. डॉक्टर भूषण कुमार को मिला कुष्ठ रोग के लिए अंतरराष्ट्रीय गांधी पुरस्कार 2021
• 13 अप्रैल 2022 को उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने नई दिल्ली में चंडीगढ़ के डॉक्टर भूषण कुमार को व्यक्तिगत श्रेणी में और सहयोग कुष्ठ यज्ञ ट्रस्ट, गुजरात को संस्थान श्रेणी में कुष्ठ रोग के लिए अंतरराष्ट्रीय गांधी पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया है।

10. लातूर में बनी बाबा साहब की 70 फुट ऊंची मूर्ति स्टेच्यू ऑफ नॉलेज
• 13 अप्रैल 2022 को केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 121 वी जयंती की पूर्व संध्या पर लातूर मैं 70 फुट ऊंची मूर्ति स्टेच्यू ऑफ नॉलेज का अनावरण किया है।

उम्मीद है दोस्तों आज का करंट अफेयर आपको पसंद आया होगा इसकी आप पीडीएफ फ्री डाउनलोड कर सकते हो आपको हर रोज ऐसे ही करंट अफेयर आप तक पहुंचाते रहेंगे तो हमेशा हमारे साथ जुड़े रहे आप आपका धन्यवाद।